सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 15 | इंदौर, मंगलवार 04 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# बिहार-बंगाल में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौतें

## बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, 200 यात्री फंसे; हरियाणा के अंबाला-झज्जर में सड़कें तालाब बनीं, दुकानों में पानी घुसा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) देशभर में बारिश से आम लोगों का जीवन भी प्रभावित है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सोमवार को बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में बिहार के अलग-अलग जिलों के 7 और बंगाल के हावड़ा के 4 लोग शामिल हैं।**

उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई। सड़क पर पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने से यातायात बाधित हो गया। इसके कारण करीब 200 यात्री फंस गए हैं, जो सोमवार रात 9 बजे से रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

इधर, हरियाणा के अंबाला और झज्जर में रात भर बारिश हुई। इससे सड़कें तालाब बन गईं। दुकानों में पानी घुस गया।



उत्तर प्रदेश के आगरा में रात 1 बजे से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। बाराबंकी में दो घंटे की तेज बारिश से बस स्टेशन पर पानी भर गया।

### एमपी में 6 अगस्त से फिर तेज बारिश होगी 2 दिन हैवी रेन नहीं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बारिश के सिस्टम दूर है। सोमवार को कहीं भी तेज बारिश नहीं हुई। बादल और बूंदाबांदी का दौर जरूर रहा। ऐसा ही मौसम अगले 2 दिन यानी, 4-5 अगस्त को रहेगा। IMD (मौसम केंद्र) भोपाल की माने तो 6 अगस्त से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का असर प्रदेश में दिखेगा और कई जिलों में भारी बारिश होगी। प्रदेश में पिछले 4 दिन से तेज बारिश नहीं हुई है। इससे ओवरऑल बारिश का आंकड़ा 16% कम हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक औसत 15.9 इंच (404.2 मिमी) बारिश हुई है, जबकि 19 इंच (482 मिमी) पानी गिर जाना था। इस तरह 3.1 इंच यानी, 16 प्रतिशत बारिश कम हुई है।

मध्यप्रदेश को बागवानी फसल विकास में मिला पहला पुरस्कार

## खेती की नई तकनीकें हैं किसानों की समृद्धि का नया द्वार: मुख्यमंत्री



**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खेती की नई तकनीकें ही किसानों की समृद्धि का नया द्वार हैं। किसान जितना अधिक नई तकनीकों, आधुनिक कृषि पद्धतियों और शासन की योजनाओं से जुड़ेंगे, उनकी आय उतनी ही बढ़ेगी और खेती अधिक लाभकारी बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्यानिकी (बागवानी) फसलों का उत्पादन बढ़ता जा रहा है। बागवानी फसलों के विकास एवं विस्तार में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देश का पहला पुरस्कार मध्यप्रदेश को मिला है। यह हमारी सरकार की किसानों की जिंदगी को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को बैतूल में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल जिले की प्राकृतिक सम्पदा, उपजाऊ भूमि और मेहनतकश किसानों की सराहना करते हुए कहा कि जिस धरती को सूर्यपुत्री मां ताप्ती सहित सात नदियों का आशीर्वाद प्राप्त हो, वहां की उर्वरता और कृषि उत्पादन का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि यह किसानों का अपना कार्यक्रम है। किसान कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हम एग्रीकल्चर सेक्टर में विकास के नये पैमाने लिख रहे हैं। हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बैतूल ने मक्का उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं, देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। जिले के किसान गेहूं, धान, मक्का और श्रीअन्न जैसी फसलों का उत्कृष्ट उत्पादन कर प्रदेश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि मध्यप्रदेश आज देश की "फूड बास्केट" के रूप में उभर रहा है तो उसमें बैतूल की उपजाऊ मिट्टी और किसानों की मेहनत का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि किसानों की चिंताओं को कम करने और उनकी समृद्धि को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार 15 जुलाई से 13 नवंबर तक बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन कर रही है। इस दौरान पूरा प्रशासन किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, नवीन योजनाओं तथा वैज्ञानिक खेती की जानकारी उपलब्ध करा रहा है।

चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे का होगा कायाकल्प

# सिंहस्थ से पहले एमआर-10 को मिलेगी रफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के तेजी से डेवलप हो रहे एमआर-10 क्षेत्र स्थित चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे को अब आधुनिक स्वरूप दिया जाएगा। सिंहस्थ-2028 और लगातार बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए चौराहे के विकास कार्यों का भूमिपूजन सोमवार को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला ने किया।**



करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले प्रोजेक्ट का उद्देश्य चौराहे को अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाना है, ताकि भविष्य में बढ़ते ट्रैफिक और सिंहस्थ के दौरान आने वाले वाहनों का दबाव आसानी से संभाला जा सके। प्रोजेक्ट के तहत मेट्रो रेल कॉरिडोर के नीचे सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा चौराहे पर रोटरी और जंक्शन का विकास, आधुनिक फुटपाथ, एलईडी स्ट्रीट लाइट, ग्रीन बेल्ट, बेहतर जल निकासी व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाएं डेवलप की जाएंगी। इन कामों के पूरा होने के बाद क्षेत्र में यातायात अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होने के साथ नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देने से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों और यातायात विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। एक्सपर्ट्स की सलाह के आधार पर व्यापक ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य भविष्य के यातायात दबाव को कम करना और वाहनों की आवाजाही को अधिक व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने कहा कि मेट्रो प्रोजेक्ट का अधिकांश कार्य पूरा होने के बाद अब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का फोकस शहर के प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण और ट्रैफिक प्रबंधन पर है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से न केवल एमआर-10 क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि आसपास के डेवलप हो रहे आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही सिंहस्थ-2028 के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए भी यह चौराहा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर, नगर महामंत्री सुधीर कोल्हे, विधायक प्रतिनिधि कपिल पाठक सहित जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

संभागायुक्त श्री लक्षकार ने पहली बैठक में विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की हिदायत

# स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति के नए सिस्टम की निगरानी के लिए एसओपी बनाने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में स्कूल शिक्षा, जनजाति कार्य, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने पहली बैठक में चारों विभागों को विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की हिदायत दी। उन्होंने निर्देश है कि सम्भाग के सभी जिलों में पदस्थ शिक्षकों और कर्मचारियों के समयमान, वेतनमान, पेंशन और जीपीएफ के मसले पर निर्धारित नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही शिक्षकों और कर्मचारियों के हित के कार्यों को नियमानुसार अपडेट रखने के निर्देश दिए। इसके लिए हर तीसरे माह समीक्षा बैठके भी करने के निर्देश दिए है।इसके अलावा उन्होंने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति के नए सिस्टम की निगरानी के लिए एसओपी बनायी जाए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अलग कार्य योजना पर काम करने के निर्देश दिए है। साथ ही स्थानीय समस्याओं के निराकरण पर संभागीय अधिकारी अपनी प्राथमिकताएं



तय करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय संचालक डॉ. शॉजी जोसेफ, संयुक्त संचालक डॉ. स्मिता तिवारी, जनजातीय कार्य विभाग के उपायुक्त श्री गणेश भाभर, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती सुनीता यादव, स्कूली शिक्षा विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती अनीता चौहान, विकास आयुक्त श्रीमती शिवानी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

**शिक्षा विभाग में 94 प्रतिशत तो जनजाति कार्य विभाग में 74 प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिति-** बैठक में संभागायुक्त श्री लक्षकार ने मुख्य रूप से शिक्षा और जनजाति विभाग के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति पर फोकस करते हुए ई - एटेंडेंस सिस्टम की समीक्षा की। शिक्षा विभाग के 14 जनपदों में 94 प्रतिशत और जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत जनपदों में स्थापित स्कूलों में 72 शिक्षकों की उपस्थिति जुलाई माह में रही है। जनजाति कार्य विभाग के संयुक्त संचालक श्री भाभर ने बताया कि सुदूर क्षेत्रों को विभाग ने डार्क जोन फील्ड रिपोर्ट के आधार पर इनका चयन किया गया है। डार्क जोन में अधिकांश स्कूल आते है। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने अगस्त माह से निगरानी व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही डार्क जोन में आने वाले स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की मॉनीटरिंग के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए है। डीईओ सहायक आयुक्त और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के साथ ही डीपीसी की भूमिका को महत्वपूर्ण रूप से रेखांकित किया गया है।

संभागायुक्त श्री लक्षकार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अच्छे शिक्षकों सहित विभाग के अन्य अधिकारियों से साथ रणनीति बनाने के निर्देश दिए है। इसके लिए जिलों के डाइट के प्राचार्य और व्याख्याताओं के सतह वीसी के माध्यम से मीटिंग कर आवश्यक रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही डायट के स्वरूप को भी बेहतर करने पर जोर दिया जायेगा।

### अस्पतालों में आयुष्मान के क्लेम प्रकरण बनाए जाएंगे

संभागायुक्त श्री लक्षकार ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में आयुष्मान अंतर्गत निःशुल्क उपचार कर रहे शासकीय अस्पतालों द्वारा क्लेम प्रकरण के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इस संबंध में उन्होंने निर्देश दिए है कि सभी जिलों से आयुष्मान अंतर्गत उपचार के क्लेम तैयार कर भेजे जाए,जिससे सम्बंधित अस्पताल को ही लाभ होगा। सभी सीएमएचओ को इसकी चिंता करने के निर्देश दिए है। महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा में लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत जिन महिलाओं का पंजीयन नहीं हुआ है। उनके पंजीयन तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर इस कार्य को गभीरता से लेने के निर्देश दिए है। संभागायुक्त श्री लक्षकार ने इन बिंदुओं पर भी निर्देश दिए है, इनमें पोषण पुर्नवास केन्द्रों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, बच्चों का वजन लेने, सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वॉटर हार्वेस्टिंग को सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनायी जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर स्थानीय समस्याओं के निराकरण आपसी समन्वय के साथ करें। संभाग के सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली की व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ किया जाए।

## रोजगार मेले में 531 युवाओं का हुआ चयन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार युवाओं को एक ही स्थान पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई तथा जिला उद्योग केन्द्र, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आईटीआई नंदा नगर परिसर में एक दिवसीय 'युवा संगम (रोजगार मेला)' आयोजित किया गया।

उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 26 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए। मेले में कुल 647 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें 463 पुरुष एवं 184 महिला अभ्यर्थी शामिल रहे। साक्षात्कार के उपरांत विभिन्न कंपनियों द्वारा 531 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में 438 पुरुष एवं 93 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। चयनित युवाओं को एचआर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, टेक्नीशियन, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, फार्मेसी, बैक ऑफिस, ट्रेनी, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, टर्नर, ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर अवसर प्राप्त हुए। रोजगार मेले में श्याम ऑटोमोटिव, मोजेक वर्क स्किल, एलएंडटी एनर्जी कार्बनलाइट सोल सहित 26 कंपनियों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों ने 34 इच्छुक युवाओं को शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उन्हें स्वयं का उद्यम प्रारंभ करने और प्रकरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया। वहीं शासन की अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत 44 अभ्यर्थियों का चयन कर संबंधित कंपनियों में भेजा गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई तथा जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## इंदौर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी मैदान में होगा

समारोह की तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में गरिमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश

● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने ली बैठक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर ।**इंदौर जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस दिन मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी मैदान में आयोजित होगा। समारोह की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आयोजन की सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।**

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज यहां समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रिंकेश वैश्य तथा श्री रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने 15 अगस्त को जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महेश गार्ड लाइन में आयोजित होने वाले समारोह के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे। इस अवसर पर बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन राज्य शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार होगा। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिये कि इस वर्ष भी समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में सभी अधिकारी/कर्मचारी भी अनिवार्य रूप से शामिल हो। सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में अनिवार्य रूप से ध्वजारोहण किया जाये। ध्वजारोहण का कार्यक्रम ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं, प्रमुख भवनों, चौराहों आदि स्थानों पर विद्युत साज-सज्जा करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों और संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाये। यह पुरस्कार वास्तविक हकदार को मिले यह सुनिश्चित किया जाये। इसके लिये 12 अगस्त तक प्रस्ताव आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये। बताया गया कि समारोह की तैयारियों का पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को सुबह 9 बजे होगा।

## बड़ा गणपति पर चेकिंग के दौरान 13.56 लाख की अवैध शराब जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बड़ा गणपति चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक आयशर वाहन (MP-09 GG-6652) को रोका, जिसका चालक शराब के नशे में लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने रायसेन निवासी चालक सुमित गौर को हिरासत में लेकर जब वाहन की तलाशी ली, तो उसमें से 13,56,800 मूल्य की अवैध शराब बरामद हुई। इसमें 'गोवा रम' की 300 पेटियां (कीमत 2.72 लाख) और 'गोवा व्हिस्की' की 1200 पेटियां (कीमत 10.84 लाख) शामिल थीं। शराब परिवहन का अधिकृत रूट सही न पाए जाने पर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही शराब की सभी पेटियों और आयशर वाहन को विधिवत जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# आमजन की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए इंदौर जिले में चलेगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

## अभियान की तैयारियां समय पर पूर्ण करने और प्रभावी आयोजन के लिए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुरूप इंदौर जिले में आमजन की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 7 अगस्त से प्रारंभ होकर आगामी 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जमीनी स्तर पर पहुँचकर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों तथा लोकसेवाओं की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। यह जानकारी कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई समय-सीमा के पत्रों (टीएल) के निराकरण की समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, आगामी मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान, अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई, फायर सेफ्टी की विस्तार से समीक्षा की गई।



बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रिंकेश वैश्य तथा श्री रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार इस शुक्रवार 7 अगस्त से प्रदेशभर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान प्रारंभ हो रहा है। अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विभाग पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करे, रोस्टर बनाए तथा शिविरों के संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में संबंधित क्षेत्र की सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का प्रभावी निराकरण किया जाए। साथ ही शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। अभियान के दौरान आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रमों की तैयारियां भी समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों एवं उद्यमियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

टीएल बैठक में लंबित समय-सीमा के पत्रों, जनसुनवाई के प्रकरणों तथा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी विभागों को प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। साथ ही नगर निगम द्वारा भवनों में अवैध बेसमेंट पार्किंग एवं फायर सेफ्टी मानकों के पालन के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन भवनों में अभी तक आवश्यक सुरक्षा कार्य शेष हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनहित से जुड़े सभी कार्यों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### नरवल इंडस्ट्रियल एरिया में 5100 पौधों का रोपण

# मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने दिया हरियाली संरक्षण का संदेश, कहा- ग्रीन एरिया से अतिक्रमण भी हटाया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सोमवार को इंदौर के नरवल इंडस्ट्रियल एरिया में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के सानिध्य में 5100 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पेड़ों की रक्षा करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति पेड़ों की रक्षा करता है, वह देवतुल्य है और जो उन्हें काटता है, वह प्रकृति के प्रति अन्याय करता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए।

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान देशभर में जनभागीदारी का एक प्रेरक अभियान बन चुका है। उन्होंने बताया कि इंदौर ने इस अभियान के तहत देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके लिए पत्र लिखकर, सोशल मीडिया पर उल्लेख कर तथा 'मन की बात' कार्यक्रम में भी इंदौर के 51 लाख पौधारोपण अभियान की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष इंदौर



में 21 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्षा में विलंब होने से अभियान की गति कुछ प्रभावित हुई है, लेकिन लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए सभी संबंधित विभाग एवं नागरिक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नरवल इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योगपतियों के सहयोग से 51 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, जिसकी शुरुआत आज 5100 पौधों के रोपण से की गई है।

#### ग्रीन एरिया से हटाए जाएंगे अतिक्रमण

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में हरित क्षेत्र का विस्तार अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यहां प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि हरियाली बढ़ाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र के ग्रीन एरिया पर हुए अतिक्रमणों को भी हटाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जा सके। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत 5 से 12 फीट ऊंचाई के जलवायु अनुकूल पौधे लगाए जा रहे हैं, जिनके जीवित रहने की संभावना अधिक होती है तथा वे कम समय में विकसित होकर वृक्ष का स्वरूप धारण कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षों में यह क्षेत्र घने हरित वन के रूप में विकसित होगा, बशर्ते प्रारंभिक वर्षों में पौधों का समुचित संरक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

#### पौधे लगाना नहीं, उन्हें वृक्ष बनाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी

मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि पौधारोपण करना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। परिवहन अथवा अन्य कारणों से यदि कोई पौधा जीवित नहीं रह पाता है तो उसके स्थान पर तुरंत नया पौधा लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष वातावरण से प्रदूषक तत्वों को अवशोषित कर मानव जीवन के लिए शुद्ध वायु उपलब्ध कराते हैं। इसलिए वृक्ष शिवालय के समान पूजनीय हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 9 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री बी.एल. संतोष की उपस्थिति में रेवती रेंज क्षेत्र में पुनः 51 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। आवश्यक व्यवस्थाएं होने पर यह संख्या एक लाख तक पहुंचाई जाएगी।

# जिस आश्रम में बुजुर्गों के साथ हुई थी मारपीट उसके अवैध हिस्से को निगम ने ढहाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा क्षेत्र के प्रेमानंद आश्रम के अवैध निर्माण को नगर निगम की रिमूवल गैंग ने सोमवार को तोड़ दिया। यह वही हिस्सा था, जहां बुजुर्गों को रखा जाता था और वहीं एक वृद्धा के साथ आश्रम में रह रहे नाबालिग लड़के ने मारपीट की थी।**

दोपहर में नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा। मारपीट की घटना सामने आने के बाद प्रशासन ने आश्रम के भवन को सील कर दिया था। पहले अधिकारियों ने आश्रम में रखा सामान सुरक्षित बाहर रखवाया। विवाद की स्थिति न बने, इसके लिए पुलिसकर्मी भी अमले के साथ मौजूद थे। भवन को खाली कराने के बाद बुलडोजर की मदद से उसके अवैध हिस्से को ढहा दिया गया। इस निर्माण का न तो नक्शा मंजूर था और न ही नगर निगम से इसकी अनुमति ली गई थी। वृद्धा के साथ मारपीट का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने जब आश्रम की जांच की तो पता चला कि आश्रम के संचालन के लिए किसी भी तरह की अनुमति नहीं ली गई थी। अधिकारियों को भी जानकारी नहीं थी कि इस क्षेत्र में इस तरह का आश्रम संचालित हो रहा है। आश्रम जिस भवन में संचालित हो रहा था, वह नगर निगम की पानी की टंकी के परिसर में स्थित है। जिस भवन में आश्रम चलाया जा रहा था, उसे आंगनवाड़ी के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन उस पर कब्जा कर आश्रम संचालित किया जा रहा था। उसके पास ही अवैध निर्माण कर कमरे बना लिए गए थे। बता दें कि गत दिनों इस आश्रम में रह रहे एक नाबालिग ने एक वृद्धा के साथ मारपीट की थी। इसके बाद आश्रम में रह रहे बुजुर्गों को दूसरे आश्रमों में शिफ्ट कर दिया गया, जबकि जिन बुजुर्गों की तबीयत खराब थी, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कावड़ यात्रा मार्ग पर नहीं जा पाएंगे बड़े वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सावन शुरू होते ही ओंकारेश्वर से उज्जैन तक कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। शिव भक्त ओंकारेश्वर से नर्मदा जल लेकर उज्जैन तक जाने लगे हैं। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा है। जगह-जगह होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, ताकि शिव भक्त वहां विश्राम कर सकें। इसके अलावा यात्रा मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इस बार **कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने भी निर्देश दिए हैं, इसलिए प्रशासन अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है।**

इंदौर से ओंकारेश्वर के बीच काफी ट्रैफिक रहता है और हादसों की आशंका बनी रहती है। इसी कारण मोरटक्का से इंदौर तक भारी वाहनों के ट्रैफिक को परिवर्तित मार्ग से भेजा जाएगा। भारी वाहन इंदौर से धामनोद, महेश्वर, बड़वाह होते हुए खंडवा की ओर जा सकेंगे। इसके अलावा खंडवा से आने वाले भारी वाहनों का ट्रैफिक भी इसी रूट से गुजरेगा। पुलिस ने कांवड़ यात्रियों के लिए बैनर लगाए हैं, जिनमें उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई है। बाई गांव के दत्त मंदिर पर कांवड़ यात्रियों के रुकने की व्यवस्था की गई है। यहां भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पिछले साल इस मार्ग पर एक रेस्टोरेंट के कर्मचारियों और कांवड़ यात्रियों के बीच विवाद हो गया था, जिसके बाद मामला काफी गरमा गया था। बीते कुछ वर्षों में इस रूट पर कांवड़ यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। इसके अलावा कई शिव भक्त महेश्वर से भी उज्जैन जाते हैं। इस पूरे मार्ग पर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स वैश्विक मानचित्र में स्थापित करेगा नई पहचान: मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल के नाथू बरखेड़ा में विकसित हो रहा अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी और सबसे महत्वाकांक्षी खेल अधोसंरचना विकास परियोजनाओं में से एक है। इससे मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर की स्पर्धाएं होंगी, जिससे भोपाल खेलों के वैश्विक मानचित्र में अपनी नई पहचान कायम करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 985.76 करोड़ रुपये की लागत से 136.296 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहा यह अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स परिसर मध्यप्रदेश को देश का स्पोर्ट्स हब बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को नाथू बरखेड़ा स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स (खेल परिसर) में निर्माणाधीन कार्यों का मुआयना किया। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, मध्यप्रदेश युवा आयोग के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सचिव खेल संजीव सिंह, संचालक खेल अंशुमन यादव सहित अन्य अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।



### सेना भर्ती में आए आवेदकों से की चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान परिसर में सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा की जा रही सेना भर्ती (आर्मी रिक्रुटमेंट) के लिए आये आवेदकों से चर्चा की। यह आवेदक सेना भर्ती के पहले चरण की परीक्षा पास कर दूसरे चरण के पात्र होकर फिजिकल एग्जाम और मेडिकल टेस्ट पास करने के लिए आए हुए हैं। सेना के भर्ती अधिकारी (रिक्रुटमेंट ऑफिसर) जे.एस. सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि सेना भर्ती के लिए 4 हजार 500 आवेदकों को बुलाया गया है, इनमें से 3 हजार आवेदकों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य में सेना के चार भर्ती कार्यालय हैं और भोपाल में हो रही यह भर्ती इस साल दिसम्बर अंत तक पूरी कर ली जाएगी। नवनियुक्त जवान एक जनवरी 2027 से 6 माह की ट्रेनिंग लेंगे। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सेना में 175 पदों पर धर्म गुरूओं की भर्ती भी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी आवेदकों से आत्मीय चर्चा कर उन्हें भारतीय सेना के जवान के रूप में भर्ती के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सिंथेटिक हॉकी टर्फ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी सिंथेटिक टर्फ का मुआयना किया। खेल मंत्री सारंग ने बताया कि इस कॉम्पलेक्स में पहले चरण में मानकों का 5 हजार की क्षमता वाले पेवेलियन सहित हॉकी स्टेडियम एवं सिंथेटिक हॉकी टर्फ का निर्माण किया गया है। खेल विभाग को जल्द ही इसका आधिपत्य मिल जाएगा। इसी सिंथेटिक टर्फ पर इसी साल अक्टूबर-नवम्बर में एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को समय से पूर्व एशियन चैम्पियनशिप की सभी तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में दो कन्वेंशन सेंटर भी स्थापित किए जा रहे हैं।

### सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का मुआयना कर खिलाड़ियों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं एवं निर्माण कार्यों की जानकारी ली। खेल मंत्री सारंग ने बताया कि इंटरनेशनल एथलेटिक्स फेडरेशन और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सभी मानकों के आधार पर 10 हजार की क्षमता वाले पेवेलियन सहित अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। इस ट्रैक के केन्द्र स्थल पर फुटबॉल स्टेडियम निर्मित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए समान रूप से सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए।

## सावन के पहले सोमवार उज्जैन में बना रिकॉर्ड

- 2 लाख भस्म आरती में शामिल, 6 लाख से अधिक ने किए महाकाल दर्शन



**उज्जैन\ओंकारेश्वर।** सावन के पहले सोमवार पर मध्यप्रदेश शिवभक्ति में सराबोर रहा। उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी धूमधाम से निकली। भगवान महाकाल 'चंद्रमौलेश्वर' स्वरूप में चांदी की पालकी में विराजमान होकर प्रजा को दर्शन देने निकले। पालकी के पीछे हाथी पर भगवान मनमहेश की प्रतिमा विराजित रही। मंदिर परिसर और सवारी मार्ग पर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष गूंजे। महाकाल मंदिर में सोमवार रात से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार शाम तक 6 लाख 13 हजार श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। वहीं 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालु भस्मआरती और सवारी में शामिल हुए। इस तरह 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। नंदी हॉल और कार्तिक मंडपम तक लंबी कतारें लगी रहीं।

राजाधिराज बाबा महाकाल की शाही सवारी निर्धारित मार्ग से होती हुई शिप्रा नदी के पवित्र तट पर पहुंची। बाबा के दर्शन के लिए घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिप्रा तट पर आशीष पुजारी ने बाबा महाकाल का पवित्र शिप्रा जल से विधि-विधान के साथ पूजन और अभिषेक किया।

**ओंकारेश्वर में गौमुख घाट पहुंची शाही सवारी-** खंडवा के ओंकारेश्वर में बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग की शाही सवारी गौमुख घाट और कोटितीर्थ पहुंची। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत अभिषेक और विशेष पूजन किया गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी राव पुष्पेंद्रसिंह और मांधाता विधायक नारायण पटेल पत्नी सहित पूजन में शामिल हुए। सवारी के दर्शन के लिए घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री ओंकार' के जयघोष से पूरा तीर्थ क्षेत्र शिवमय हो गया। श्रद्धालु बाबा की एक झलक पाने और आशीर्वाद लेने के लिए उत्साहपूर्वक इंतजार करते नजर आए।

## नरोत्तम के गढ़ में कांग्रेस के घनश्याम ने मारी बाजी भाजपा के आशुतोष को 6016 वोटों से दी पटखनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी। मध्य प्रदेश की चर्चित विधानसभा दतिया के उपचुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज कर ली है। ये सीट मप्र के पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता नरोत्तम मिश्रा को लेकर चर्चा में थी। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने भाजपा के आशुतोष तिवारी को 6016 मतों से पराजित किया।**







कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा। पार्टी के उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के आशुतोष तिवारी को 6,016 वोटों से हराया। जिला निर्वाचन अधिकारी और दतिया जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखेड़े ने बताया कि मतगणना के सभी 15 दौरों के अंत में कांग्रेस के घनश्याम सिंह को 66,757 वोट मिले, जबकि भाजपा के आशुतोष तिवारी को 60,741 वोट प्राप्त हुए। आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार दामोदर यादव ने 22,527 वोट हासिल करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। चुनाव में कांग्रेस को 42.39 प्रतिशत, भाजपा को 38.57 प्रतिशत तो तीसरे प्रत्याशी दामोदर यादव को 14.3 प्रतिशत वोट मिले।

### जीतू पटवारी बोले- बदलाव का शंखनाद

दतिया। विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद कांग्रेस नेताओं ने इसे सिर्फ एक सीट की सफलता नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की राजनीति में बदलाव का संकेत बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अलग-अलग बयान जारी कर जीत का श्रेय जनता, कार्यकर्ताओं और सहयोगी दलों को दिया। वहीं भाजपा पर अहंकार, सत्ता के दुरुपयोग और जनभावनाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दतिया की जनता का आभार जताते हुए कहा कि इस जनादेश ने मध्यप्रदेश की राजनीति में बदलाव का शंखनाद किया है। उन्होंने कहा कि दतिया की जनता ने पूरे प्रदेश और देश को संदेश दिया है कि अहंकार, भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और द्वेष की राजनीति को जनता स्वीकार नहीं करती।

### मध्यप्रदेश अकादमी का शानदार प्रदर्शन

**भोपाल, एजेंसी।** ओडिशा के कटक में 29 से 31 जुलाई 2026 तक आयोजित प्रथम इंडिया ताइक्वांडो यूथ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश राज्य ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 रजत एवं 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की खेल प्रतिभा और अकादमी की प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था को एक बार फिर स्थापित किया है प्रतियोगिता के 63 किलोग्राम भार वर्ग में मध्यप्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी रेवा गुर्जर ने दमदार मुकाबले खेलते हुए रजत पदक अर्जित किया। पूरे टूर्नामेंट में उनके आत्मविश्वास, तकनीकी दक्षता और शानदार प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### पं. धीरेंद्र शास्त्री की जेन-जी को नसीहत, बोले

## विरोध लोकतांत्रिक अधिकार गाली देना सनातन संस्कृति नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी, एजेंसी।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे जेन-जी प्रदर्शन और उसमें इस्तेमाल हो रही अभद्र भाषा पर अब बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। मध्यप्रदेश के कटनी जिले पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री ने साफ कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना सभी का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर मां-बहनों और परिवार के लिए अपशब्द कहना भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के खिलाफ है। उन्होंने युवाओं से संयमित भाषा, संवाद और संस्कार के साथ अपनी



बात रखने की अपील की। कटनी जिले के कुठला क्षेत्र स्थित अपने शिष्यों द्वारा निर्मित बागेश्वर बालाजी के नव-निर्मित मठ पहुंचे बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मीडिया से चर्चा के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे जेन-जी प्रदर्शन पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि संविधान ने सभी को अपनी बात रखने और सरकार का विरोध करने का अधिकार दिया है, लेकिन विरोध की आड़ में किसी की मां, बहन या परिवार के लिए अमर्यादित और अशोभनीय भाषा का प्रयोग किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हो सकता।

## संपादकीय

# सदन में तालमेल का नया मंत्र: एनडीए की 'मंगल मिलन' बैठक

एनडीए संसदीय दल की आज संसद के पुस्तकालय भवन में 'मंगल मिलन' बैठक होगी। इस बैठक का मकसद मॉनसून सत्र के बचे हुए 10 दिनों के लिए सत्ताधारी गठबंधन की सदन की रणनीति तय करना है। संसद में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय की ओर से लोकसभा और राज्यसभा के सभी एनडीए सदस्यों को एक नोट भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा और राज्यसभा के सभी माननीय एनडीए सदस्यों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होने का समय निकालें और तय समय पर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहें। संसद में बीजेपी के कार्यालय सचिव ने बताया कि यह बैठक मंगलवार सुबह 9.30 बजे जी.एम.सी. बालयोगी ऑडिटोरियम में शुरू होगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के साथ-साथ एनडीए के अन्य सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है। 'मंगल मिलन' बैठक असल में एनडीए संसदीय दल के साप्ताहिक रणनीति सत्र का ही नया रूप है, जिसे रचनात्मक बातचीत और गठबंधन के बीच बेहतर तालमेल को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। संसद सत्र के दौरान रोजाना सदन के कामकाज के प्रबंधन और अलग-अलग पार्टियों के बीच आम सहमति बनाने के अलावा, 'मंगल मिलन' बैठक एनडीए के सहयोगी दलों के साथ तालमेल बढ़ाने का भी एक जरिया है। यह बैठक चर्चाओं में एनडीए सांसदों की भागीदारी को बढ़ावा देती है और शिवसेना, एलजेपी, टीडीपी, जेडीयू और अन्य क्षेत्रीय पार्टियों जैसे अहम सहयोगी दलों के बीच बोलने की जिम्मेदारियां बांटने में मदद करती है। 28 जुलाई को हुई पिछली 'मंगल मिलन' बैठक में एनसीपीआई की सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय और सायोनी घोष पहली बार शामिल हुईं। ये सांसद पहले तृणमूल कांग्रेस में थीं और अब एनडीए के अन्य सहयोगी दलों के साथ इस बैठक में शामिल हुईं। नेशनल नेशनलिस्ट सिटीजन पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के कई सांसदों ने, जो पहली बार एनडीए संसदीय दल की 'मंगल मिलन' बैठक में शामिल हुए थे, सत्ताधारी गठबंधन के व्यवस्थित कामकाज की तारीफ भी की थी।

Health is Wealth

# बारिश के मौसम में बीमारियों से दूर रखेंगे तुलसी, काली मिर्च और लौंग, ऐसे बनाएं काढ़ा

**मानसून सीजन में सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी समस्याएं काफी कॉमन हैं। इस मौसम में होने वाले वायरल इंफेक्शन से बचने के लिए आप देसी तरीके से काढ़ा बनाकर पी सकते हैं। यहां सीखिए कैसे बनाएं काढ़ा।**



बारिश की पहली फुहार पड़ते ही सूखी धरती हरी चादर ओढ़ लेती है। पेड़-पौधे खिल उठते हैं और वातावरण सुहावना हो जाता है। खुश कर देने वाला ये मौसम अपने साथ कुछ वायरल इंफेक्शन भी लेकर आता है। दरअसल, बारिश के बाद जगह-जगह पानी भरने लगता है और इस भरे हुए पानी में मच्छर बहुत जल्दी पनपने लगते हैं। जिसकी वजह से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी रहता है। वहीं बारिश के मौसम में ह्यूमिडिटी, तापमान में उतार-चढ़ाव और पानी के ठहराव के कारण वायरल इंफेक्शन भी होता है। क्योंकि इस समय वायरस ज्यादा समय तक जीवित रहते हैं और आसानी से फैलते हैं। इसलिए खुद का बचाव करना जरूरी है। इन बीमारियों से बचने के लिए इम्यूनिटी का अच्छा होना जरूरी है। आपकी इम्यूनिटी को बूस्त करने के लिए आप देसी चीजों से बना काढ़ा पी सकते हैं। काढ़े में इस्तेमाल होने वाली चीजें इम्यून सिस्टम को बूस्ट करती हैं और वायरल के लक्षणों से छुटकारा पाने में मदद करती हैं।

### गुणों का खजाना है तुलसी और अदरक

तुलसी और अदरक दोनों का इस्तेमाल पारंपरिक रूप से सर्दी-जुकाम में राहत और सामान्य हेल्थ के लिए किया जाता है। तुलसी के एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल गुण शरीर को संक्रमण से बचाते हैं। ये दोनों चीजें सर्दी-खांसी में गले की जलन और बंद नाक जैसी तकलीफों में राहत दे सकती हैं।

### फायदेमंद हैं दालचीनी और सौंफ

रिपोर्ट्स कहती हैं कि दालचीनी में एंटी इंफ्लामेटरी गुण पाए जाते हैं। सौंफ पाचन में आराम देने और गले की हल्की जलन से राहत दे सकती है। वायरल के कुछ लक्षणों से निपटने के लिए ये फायदेमेंद साबित हो सकते हैं।

### पाचन के लिए अजवायन और काली मिर्च

बारिश के मौसम में वायरल संक्रमण जैसे सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार में अजवायन और काली मिर्च का काढ़ा शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत करता है। ये गले की खराश और सीने में जमे कफ को राहत पाने में मददगार साबित होता है। वायरल में कमजोर हुए पाचन तंत्र को ठीक करने के लिए भी अजवायन फायदेमंद होती है।

### काढ़ा बनाने के लिए आपको चाहिए

1. आधा लीटर पानी
2. 2 दालचीनी के टुकड़े
3. 7 काली मिर्च के दानेरिश के मौसम में वायरल संक्रमण जैसे सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार में
4. 1 छोटा चम्मच सौंफ
5. 1 छोटा चम्मच अजवाइन
6. 2-3 इलायची
7. 7-8 लौंग
8. 1 छोटा चम्मच कद्दूकस किया हुआ अदरक
9. 1 इंच गिलोय का टुकड़ा
10. 2 बड़े चम्मच गुड़
11. 1 छोटा चम्मच नींबू का रस
12. 7-8 तुलसी के पत्ते

**इस काढ़े को बनाने के लिए नींबू छोड़कर सभी चीजों को पानी में डालकर अच्छी तरह से उबाल लें। फिर छानकर नींबू का रस डालें और घूंट-घूंट करके पिएं।**

## New Delhi

# अभिजीत दीपके को तुरंत गिरफ्तार किया जाए पाकिस्तानी एजेंट बता दिल्ली पुलिस से शिकायत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके के खिलाफ दिल्ली पुलिस के पास लिखित में एक शिकायत पहुंची है। एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर फैजान अंसारी ने अभिजीत दीपके के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। फैजान ने एक तरफ जहां अभिजीत दीपके को पाकिस्तानी एजेंट और उमर खालिद का समर्थक बताया तो दूसरी तरफ मीडिया से बातचीत के दौरान खुद पर हमले का भी आरोप लगाया। साथ ही कहा कि यदि दीपके को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह देश में दंगे फसाद करवा सकता है।



फैजान अंसारी ने डीसीपी दफ्तर के बाहर शिकायत

की एक कॉपी दिखाते हुए न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, 'आज मैंने अभिजीत दीपके के खिलाफ डीसीपी को लिखित में शिकायत दी है, क्योंकि उनके लोगों ने मुझे पर दो बार हमले किए और इसके सबूत मेरे पास है। मुझ पर पुणे और औरंगाबाद में हमले किए गए। मैंने वहां भी दो केस फाइल किए हैं और मैं चाहता हूं कि दीपके को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।' फैजान ने दिल्ली सीएम और पुलिस को सैल्यूट करते हुए कहा कि सोनम वांगचुक को सही समय पर उठा लिया गया, जिसकी वजह से दिल्ली की स्थिति बहुत बिगड़ने से बच गई। दीपके सबकुछ अपने फायदे के लिए कर रहा।

## Uttarpradesh

# मेरठ में कांवड़ियों ने पुलिस जीप से निकालकर दो लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर लाठी डंडों से पीटा



**मेरठ, (एजेंसी)** यूपी के मेरठ में कांवड़ यात्रा के दौरान हुई एक मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें बड़ी संख्या में कांवड़िए पुलिस की जीप से दो लोगों को बाहर निकालकर उनकी पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं. वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह के दावे किए जाने लगे. कुछ यूजर्स ने दावा किया कि पीटे गए लोग सादी वर्दी में पुलिसकर्मी थे और कांवड़ियों ने उनके साथ मारपीट की. हालांकि मेरठ पुलिस ने इन दावों को पूरी तरह गलत बताया है. घटना मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-58) पर हुई बताई जा रही है. पुलिस का कहना है कि यह मामला दो कांवड़ियों के बीच हुए विवाद का था और इसे मौके पर ही शांत करा दिया गया था. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि पुलिस की एक जीप के आसपास बड़ी संख्या में लोग जमा हैं. इसी दौरान भीड़ जीप के अंदर मौजूद दो लोगों को बाहर खींच लेती है. बाहर निकालने के बाद दोनों के साथ मारपीट शुरू हो जाती है. वीडियो में एक वर्दीधारी पुलिसकर्मी भी नजर आता है, जो भीड़ को रोकने की कोशिश करता दिखाई देता है. मारपीट के दौरान दोनों युवकों के कपड़े फटे हुए दिखाई देते हैं. वीडियो में आगे दिखता है कि मारपीट से बचने के लिए एक व्यक्ति खेतों की ओर भागता है, लेकिन उसके पीछे भी कुछ लोग दौड़ पड़ते हैं.

## Uttarpradesh

# ग्रेटर नोएडा की इलेक्ट्रॉनिक चिप फैक्ट्री में आग बुझाने के दौरान हादसा, दीवार गिरने से दो फायरकर्मियों की मौत

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी कंपनी में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया. आग बुझाने के दौरान कंपनी की दीवार और लोहे का बीम गिरने से पांच फायरकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई. यह हादसा 3 और 4 अगस्त की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुआ. पुलिस के अनुसार, ईकोटेक 3 में स्थित ILGIM कंपनी में रात करीब 3 बजे अचानक आग लग गई. इस कंपनी में इलेक्ट्रॉनिक पीसीबी चिप बनाने का काम होता है. आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं. फायर टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आग पर काबू पाने का काम शुरू किया और कुछ ही समय में आग को बुझा लिया गया. लेकिन आग बुझाने के इसी दौरान एक बड़ा हादसा हो गया. कंपनी की साइड की एक दीवार और लोहे का एक बीम अचानक भरभराकर गिर पड़ा. इसकी चपेट में आने से पांच फायरकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए.

## Maharashtra

# मुंबई सिद्धिविनायक मंदिर के दान में 18 करोड़ का घोटाला! राज ठाकरे के आरोप पर ट्रस्ट ने दिया जवाब

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में हुए दान घोटाले को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के आरोपों के बीच सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा सर्वणकर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि जिन मंदिर कर्मचारियों को आरोपों के आधार पर पुलिस ने हिरासत में लिया था, उन्हें पहले पुलिस हिरासत और उसके बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया था.

सदा सर्वणकर ने कहा कि अब तक पुलिस ने कुल आठ लोगों को हिरासत में लिया था. इन सभी को पहले तीन दिन की पुलिस रिमांड पर रखा गया. पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद उनके खिलाफ आगे की कानूनी प्रक्रिया हुई और बाद में अदालत ने सभी को जमानत दे दी. उन्होंने बताया कि जमानत पाने वालों में नरेश खाडे भी शामिल हैं.



ट्रस्ट अध्यक्ष ने कहा कि मामले की जांच कानून के मुताबिक चल रही है और न्यायालय की प्रक्रिया का पूरा सम्मान किया जा रहा है. उन्होंने संकेत दिया कि अब तक की कार्रवाई के बाद संबंधित आरोपियों को अदालत से राहत मिल चुकी है. गौरतलब है कि हाल ही में राज ठाकरे ने सिद्धिविनायक मंदिर में दान राशि के कथित घोटाले का मुद्दा उठाते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की थी, जिसके बाद यह मामला राजनीतिक और सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गया है.

## खेल

### डूरंड कप फुटबॉल में लांगस्निंग एफसी का धमाका

# मुंबई एफसी को एकतरफा अंदाज में 5-0 से रौंदा

**शिलांग, (एजेंसी)** 135वें डूरंड कप में पदार्पण कर रही लांगस्निंग एफसी ने अपने पहले ही मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप-ई के मैच में मुंबई एफसी को 5-0 से करारी शिकस्त दी। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मुकाबले में मेघालय की टीम ने गोलरहित पहले हाफ के बाद दूसरे हाफ में पूरी तरह खेल पर कब्जा जमा लिया और पांच गोल दागकर यादगार जीत दर्ज की।



मुकाबले की शुरुआत तेज रही। दोनों टीमों ने शुरुआती मिनटों में ही आक्रामक रुख अपनाया। मुंबई एफसी को एक शुरुआती गोल की उम्मीद जगी थी, लेकिन उसे ऑफसाइड करार दे दिया गया। इसके बाद लांगस्निंग ने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण कायम कर लिया। मेजबान टीम ने दोनों छोर से लगातार हमले किए और मुंबई की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाए रखा। पहले हाफ में लांगस्निंग ने करीब 60 प्रतिशत गेंद अपने कब्जे में रखी और गोल के लिए 10 प्रयास किए। मुंबई की रक्षापंक्ति ने किसी तरह पहला हाफ गोलरहित रखा।

दूसरे हाफ में लांगस्निंग ने आक्रामक तेवर और तेज कर दिए। 51वें मिनट में टीम को पहली सफलता मिली। लगातार मिले कॉर्नर में सातवें प्रयास पर सटीक गेंद सैयद अहमद तक पहुंची और उन्होंने शानदार हेडर से गेंद को गोल में पहुंचाकर लांगस्निंग को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भी मेजबान टीम ने दबाव बनाए रखा। सैमुअल के पास बढ़त दोगुनी करने का मौका आया, लेकिन वह चूक गए। हालांकि ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। 65वें मिनट में सैयद अहमद ने एक बार फिर हेडर से गोल दागकर अपना दूसरा गोल किया और लांगस्निंग को 2-0 से आगे कर दिया। इस गोल ने मुंबई एफसी की वापसी की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया।

मुंबई ने इसके बाद बदलाव करते हुए खेल का रुख बदलने की कोशिश की, लेकिन लांगस्निंग की रक्षापंक्ति के सामने उसके हमले बेअसर रहे। गोलकीपर राजत पॉल लिंगदोह ने भी महत्वपूर्ण बचाव किया। मुंबई के अफजार नूरानी ने दूर से शानदार शॉट लगाया, लेकिन गोलकीपर ने उसे कॉर्नर के लिए बाहर कर दिया। मुकाबले के अंतिम चरण में लांगस्निंग ने मुंबई की थकती रक्षापंक्ति का पूरा फायदा उठाया। 89वें मिनट में किर्मेनखेम मुखिम ने गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में मेघालय की टीम ने दो और गोल दागे। 94वें मिनट में डिबोर्मी चानलांग की ओ कासार ने बाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर गेंद को गोल के ऊपरी कोने में पहुंचाया। इसके एक मिनट बाद स्थानापन्न सैमुअल फावा ने पेनाल्टी क्षेत्र के बाहर से जोरदार शॉट लगाकर पांचवां गोल कर दिया। आंकड़ों में भी लांगस्निंग का दबदबा साफ दिखा। मेघालय की टीम ने पूरे मुकाबले में 25 बार गोल का प्रयास किया, जिनमें 12 निशाने पर रहे। इसके मुकाबले मुंबई एफसी केवल पांच प्रयास कर सकी और उसके दो शॉट ही निशाने पर रहे।

## सिनेमा

# कंगना रनौत कभी ढूंढ रही थीं पाकिस्तानी दूल्हा, 'संघी हिंदू' बयान के बीच पुराना वीडियो, लोगों ने की ऐसी-तैसी



कंगना रनौत जंतर-मंतर के छात्र आंदोलन के बाद से अपने बयानों के कारण लगातार विवादों में हैं। हाल ही उन्होंने एक वीडियो में कहा कि उन्हें एक कट्टर हिंदू और संघी बनना है। उन्होंने BJP-RSS की विचारधारा अपनाने की इच्छा जाहिर की थी। साथ ही सोनाक्षी सिन्हा का नाम लिए बिना तंज कसा था कि उनकी कुछ साथी एक्ट्रेसेस हमेशा धर्म और राजनीति के मुद्दे पर न्यूट्रल रहती हैं, लेकिन इस्लामिस्ट से संबंध और शादी के बाद एकदम लेफ्टिस्ट कट्टरपंथी बन जाती हैं। अब इसके बाद कंगना का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जो लोगों ने खोजकर निकाला है। इस वीडियो में कंगना एक पाकिस्तानी से शादी करने की इच्छा जाहिर कर रही थीं। साथ ही पत्रकार से मदद मांग रही थीं कि वो उनकी पाकिस्तानी दूल्हा ढूंढने में मदद करे। कंगना वीडियो में कहती नजर आईं कि वह शादी के लिए ऐसा पाकिस्तानी चुनेंगी, जो 30s में हो, फिर भले ही वह उनके बारे में न जानता हो, पर इससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। कंगना ने यह तक कहा था कि वह उसके लिए मुगलई डिशेज भी पकाएंगी। इसे देख लोग हैरान हैं कि जो दूसरी महिलाओं को मुस्लिम कनेक्शन ढूंढ रही है और लिबरल लेफ्टिस्ट बता रही है, वो खुद कभी किसी पाकिस्तानी से शादी के सपने देख रही थी। वायरल वीडियो में पत्रकार कंगना से कह रही है, 'चलो इस पर तो सहमति है। लड़का मैं ढूंढ रही हूं पाकिस्तान से। पाकिस्तान से कैसा लड़का ढूंढूं?' तो कंगना बोलीं, 'मैंने बता दिया आपको कि अर्ली 30s, और अगर मेरे बारे में जानता भी नहीं होगा, तो भी दिक्कत नहीं है। मैं अपने पार्टनर के साथ बहुत ही सामान्य जिंदगी जीना चाहती हूं। मैं बहुत अच्छा चिकन, अलग-अलग करी बनाती हूं, जैसे चिकन कोरमा, चिकन मखनी..मैं पूरा इंडियन और मुगलई खाना बना लेती हूं।'

## Highlights

1. SC directs MEA to trace missing Indian sailors in Ukraine attack
2. Bill to increase number of Supreme Court Judges to 38 passed in Lok Sabha
3. Delhi, other state govts at liberty to close FIR against CJP protestors: Supreme Court
4. BJP slams Congress, CJP for muted response on Jharkhand protests, compares it with NEET protests
5. Mumbai parent finds metal pin in kaju katli bought for toddler
6. News anchor appears to doze off on live TV, video goes viral
7. Video of artist surprising traveller with portrait goes viral
8. Vadodara teen dies after scooter skids under road roller
9. Australia's UNSW Sydney opens India campus in Bengaluru
10. Gold edges higher, silver jumps over 1% on August 3

# Palantir stock down 40% ahead of earnings: AI and software giant stuck in worst-of-both-worlds bind




**NEW DELHI, (Agency).** Palantir shareholders have had a rough run as the shares have lost more than 40% from their November peak, turning what was once a high-flying stock into a major disappointment for many investors. The selloff has created a much more negative mood around the company.

Now, the company has a big chance to change that story. Palantir is set to report its second-quarter earnings after the market closes on Monday. Strong results could help stop the stock's decline, but Wall Street investors are not confident that even a strong quarter will be enough.

### Palantir earnings expectations are high

Investors are expecting very strong numbers already. Palantir is projected to report a 143% jump in net income for the second quarter, while revenue is expected to rise 80% from a year earlier. Free cash flow, which is becoming an important measure for AI companies, is expected to double to about $1 billion, according to Bloomberg.

The problem is that the market already expects Palantir to deliver a huge quarter. Because expectations are so high, simply beating estimates may not be enough to push the stock higher. Investors also want strong future guidance from the company.

### Palantir stock needs strong results

Luke Rahbari, CEO of Equity Armor Investments, said Palantir needs to have an exceptional quarter to keep the stock stable. His firm owns Palantir shares. Rahbari questioned how strong the company's results would need to be to bring back the excitement that once surrounded the stock.

Rahbari also said sentiment around Palantir has become very negative. He said the company would need to "really charm" investors before he would consider adding to his position. He believes Palantir must hit its numbers and provide very strong guidance, according to Blomberg.

### Palantir valuation stays expensive

Palantir's valuation is at the center of the debate. The stock has become much cheaper compared with its previous peak. Shares are now trading at around 67 times expected earnings over the next 12 months, down sharply from 247 times on October 31.

Even after that huge drop in valuation, Palantir is still far from cheap. Its forward price-to-earnings ratio is below its five-year average of 98, but the company remains one of the 15 most expensive stocks in the S&P 500.

Palantir looks even more expensive when sales are considered. Based on the price-to-sales ratio, Palantir is currently the most expensive stock in the S&P 500, Bloomberg reported. That creates a difficult situation for investors. The stock is cheaper than it was during its peak, but it is still priced at a very high level. This means investors want strong earnings growth to justify the premium valuation.

Mark Luschini, chief investment strategist at Janney Montgomery Scott, said investors are stuck in a "damned-if-you-do, damned-if-you-don't" situation, according to Bloomberg. Janney owns Palantir shares.

# गैस पाइपलाइन में लगी आग

## बीड़ी-सिगरेट से भड़कने की आशंका, अवंतिका गैस की टीम ने पाया काबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाड़िया स्थित संचार नगर में सोमवार शाम निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास गैस पाइपलाइन में आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड के अनुसार घटना शाम करीब 7:40 बजे की है। बिल्डिंग के मुख्य गेट के पास पाइपलाइन में आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर भेजी गई।**

पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना संबंधित गैस कंपनी को भी दी गई। अवंतिका गैस लिमिटेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गैस पाइपलाइन में लीकेज था। इसी दौरान किसी व्यक्ति द्वारा फेंकी गई जलती हुई बीड़ी या सिगरेट के संपर्क में आने से पाइपलाइन में आग लग गई।



### मरम्मत का काम जारी

घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग बुझाने के बाद गैस लाइन की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। पुलिस और संबंधित एजेंसियां आग लगने के कारणों की जांच कर रही हैं।

## खंडवा की महिला ने इंदौर के होटल में की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्कीम नंबर 54 क्षेत्र में पुलिस ने होटल के कमरे से एक महिला का शव बरामद किया है। उसने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है, लेकिन पुलिस को अभी आत्महत्या की वजह पता नहीं चल सकी है। महिला माइग्रेन की बीमारी से पीड़ित थी और अक्सर खंडवा से इलाज कराने इंदौर आती थी।

रविवार को भी वह इलाज के लिए ही इंदौर आई थी और होटल व्यू में कमरा बुक किया था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर होटल कर्मचारियों को शक हुआ। इसके बाद उन्होंने दूसरी चाबी से कमरा खोला तो महिला का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। होटल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद महिला के परिजनों को भी खंडवा में सूचना दी गई।

### राजा-सोनम की शादी का नया विवाद

## कैटर्स ने दोनों परिवारों को भेजा कानूनी नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ट्रांसपोर्ट कारोबारी दिवंगत राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी की शादी एक बार फिर चर्चा में है। शादी का कैटरिंग का काम इंदौर के हितेश उर्फ जिम्मी को सौंपा गया था। कैटर्स संचालक के अनुसार, दोनों परिवारों के साथ 11.60 लाख रुपये का अनुबंध हुआ था।**

कैटर्स का दावा है कि शादी के दौरान सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद रघुवंशी, उनके पिता और राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी की ओर से करीब 8 लाख रुपये का भुगतान किया गया। इसके बाद कुछ और राशि भी दी गई, लेकिन अब भी 2 लाख रुपये से अधिक का भुगतान बकाया है। कैटर्स संचालक का कहना है कि बकाया राशि के लिए उन्होंने पिछले कई दिनों से दोनों परिवारों से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। इसके बाद एडवोकेट जयंत राठौर के माध्यम से दोनों परिवारों को कानूनी नोटिस भेजकर 15 दिनों के भीतर बकाया राशि जमा करने की चेतावनी दी गई है। नोटिस में कहा गया है कि तय समय में भुगतान नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने दावा किया कि उनकी ओर से कैटर्स का पूरा भुगतान किया जा चुका है। उनका आरोप है कि उनके दिवंगत भाई की छवि खराब करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। दूसरी ओर, सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद रघुवंशी ने भी कहा कि उनके परिवार ने अपनी ओर से पूरा भुगतान कर दिया है। उनका कहना है कि यदि कोई राशि बकाया है तो वह विपिन रघुवंशी के हिस्से की हो सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके परिवार का नाम नोटिस में क्यों शामिल किया गया, इसे लेकर वह कैटर्स संचालक से बात करेंगे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक